<u>राज्य सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 2050

10 जुलाई, 2019 को उत्तर के लिए

इस्पात की गुणवत्ता और खपत

2050. श्री मो. नदीमुल हकः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या वैश्विक मानकों की तुलना में देश में प्रति व्यक्ति इस्पात की खपत काफी कम है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार ने इस तथ्य को संज्ञान में लिया है कि खराब गुणवत्ता वाला इस्पात बाजार में भेजा जा रहा है; यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) उक्त हेतु सरकार द्वारा कौन-कौन से कदम उठाए गए हैं तथा साथ ही साथ उठाए गए कदमों की तुलना में पड़ने वाले प्रभाव क्या-क्या हैं?

<u>उत्तर</u>

इस्पात मंत्री **(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क): वर्ष 2018 हेतु विश्व में (वैश्विक औसत) और भारत में कुल फिनिश्ड इस्पात की प्रति व्यक्ति खपत संबंधी आंकड़े नीचे दिए गए हैं, जो दर्शाते हैं कि वर्ष 2018-19 के दौरान विश्व औसत खपत की तुलना में भारत की प्रति व्यक्ति इस्पात खपत कम थी।

प्रति व्यक्ति फिनिश्ड इस्पात की खपत		
वर्ष	**विश्व (किग्रा)**	**भारत (किग्रा)**
2018-19*	224.5	72.8
स्रोत: वर्ल्डस्टील, वर्ल्ड स्टील इन फिगर्स 2019		स्रोत: जेपीसी
* अनंतिम		

(ख): किसी देश की प्रति व्यक्ति इस्पात खपत प्रत्यक्ष रूप से उसके विकास स्तर के अनुरूप होती है। विकसित देशों में इस्पात की प्रति व्यक्ति खपत अधिक होती है, क्योंकि सड़क, रेल, पोत इत्यादि जैसे निर्माण, सार्वजनिक अवसंरचना में और जहाज निर्माण, ऑटोमोबाइल, इंजीनियरिंग गुड्स, व्हाइट गुड्स इत्यादि जैसे इस्पात गहन उद्योगों में इस्पात का उपयोग होता है।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सभी के लिए आवास, राजमार्ग, रेल नेटवर्क, सभी घरों के लिए पाइप जल इत्यादि पर और अधिक बल देने से प्रतिवर्ष भारत की प्रति व्यक्ति इस्पात खपत बढ़ रही है।

(ग) और (घ): भारतीय बाजार में कम गुणवत्ता वाले इस्पात की बिक्री को रोकने के लिए इस्पात मंत्रालय ने 53 इस्पात और इस्पात उत्पादों पर गुणवत्ता नियंत्रण आदेश कार्यान्वित किए हैं जो घरेलू उत्पादन के साथ-साथ आयात पर भी लागू होता है। इस्पात गुणवत्ता नियंत्रण आदेश मानव, पशु और वनस्पति का संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा, अनुचित व्यापार पद्धतियों की रोकथाम और राष्ट्र की सुरक्षा के लिए जनहित में लागू किए गए हैं। वर्ष 2018-19 हेतु कम गुणवत्ता वाले इस्पात के आयात में पिछले वर्ष की तुलना में 15% की कमी आई है। **(अनुलग्नक)**

***

<u>अनुलग्नक</u>

(राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2050 दिनांक 10.07.2019)

गौण/दोषपूर्ण उत्पादों का श्रेणीवार आयात		
मात्रा: हजार टन में / मूल्य: करोड़ रुपये में		
श्रेणी	**नॉन अलॉय इस्पात (गौण/दोषपूर्ण) मात्रा**	
	2017-18	**2018-19**
इस्पात		
क. सेमीस		
......बिलेट्स, स्लैब, आदि	0.0	0.0
......री-रोलेबल स्क्रैप	0.0	0.0
कुल फिनिश्ड इस्पात (नॉन-अलॉय)		
1. नॉन-फ्लैट उत्पाद		
बार्स और रॉड्स	10.0	3.4
स्ट्रक्चरल्स	0.0	0.0
रेलवे सामग्री	0.0	0.0
कुल (1) नॉन-फ्लैट उत्पाद	**10.0**	**3.4**
2. फ्लैट उत्पाद		
प्लेट्स	0.8	0.1
एचआर शीट्स	0.3	0.2
एचआर क्वायल/स्ट्रिप	1.2	0.5
सीआर क्वायल/शीट्स	13.7	3.8
जीपी/जीसी शीट्स/क्वायल	117.3	149.9
इलैक्ट्रिक शीट्स	0.1	0.1
टीएमबीपी	0.5	0.2
टिन प्लेट्स	126.7	102.8
टिन मुक्त इस्पात	52.6	50.4
पाइप	108.7	56.2
कुल (2) फ्लैट उत्पाद	**421.8**	**364.1**
कुल फिनिश्ड इस्पात (नॉन-अलॉय)	**431.8**	**367.5**
स्रोत: जेपीसी		

****